प्रेस नोट दिनांक 07.04.2025
थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली।

थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा साइवर फ्रॉड के माध्यम से खातों में रुपया स्थानान्तरित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित दस्तावेज व मोबाईल सहित 07 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना इज्जतनगर पुलिस व साइबर क्राइम थाना की एक संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 07.04.2025 को दौराने चैकिंग साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग के शातिर अपराधियों क्रमशः 1. वीरेन्द्र कुमार गंगवार पुत्र हरीश कुमार गंगवार हाल निवासी 624F/51 कोतवाली रोड चिनहट बुद्धविहार कालोनी लखनऊ मूल पता ग्राम परेवा थाना हाफिजगंज जनपद बरेली उम्र करीब 40 वर्ष, 2. दीपक कुमार पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा निवासी भट्टा मोहल्ला, आदर्श नगर कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद बरेली, 3. अनुज कुमार पुत्र भगवत स्वरूप निवासी ग्राम धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली 4. मोहम्मद रिजवान पुत्र बल्लाम खां निवासी ग्राम मुल्लापुर पोस्ट रिठौरा थाना नवाबगंज जनपद बरेली, 5. विजयपाल पुत्र फारम सिंह निवासी ग्राम ललौरी खेडा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत 6. रोहित कुमार पुत्र भोलेनाथ निवासी भट्टा मोहल्ला कस्बा व थाना नवाबगंज जिला बरेली, 7. मोहम्मद जीशान पुत्र मेहंदी खान निवासी ग्राम बसंतपुर थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत को 9 मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, 7 एटीएम कार्ड, 7 आधार कार्ड, 7 कूटरचित आधार कार्ड की छाया प्रतियां व एक चैकबुक व 7 पर्चियों सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से बरामद साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित दस्तावेज व मोबाईल फोन आदि की बरामदगी के आधार पर थाना इज्जतनगर बरेली पर मु0अ0सं0 296/25 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ-

अभियुक्तों के पास से बरामद एटीएम कार्ड, चैकबुक, बैंक अकाऊंट डीटेल , कूटरचित आधार कार्ड व पर्ची में लिखे अकाउंट डीटेल तथा मोबाइल फोन में मौजूद बैंक खातों को अन्य व्यक्तियों को भेजने के संबंध में जानकारी की गयी तो बताया कि हम सभी लोग हमारे साथ मौजूद वीरेन्द्र कुमार गंगवार के लिए दूसरे व्यक्तियों के नाम पते पर खोले गये बैंक खातो को उपलब्ध कराते हैं। हम लोगों को कुछ रुपयों का लालच देकर उनका अलग अलग बैंको में खाता खुलवा देते हैं और जिसकी चैकबुक, एटीएम व बैंक में लगा सिम उनसे लेकर हम वीरेन्द्र गंगवार को देते हैं, जोकि इन खातों को बिहार राजस्थान, बंगाल, झारखण्ड व राजस्थान में बैठे साइबर अपराधियों तक पहुंचा देता है। इन खातो में लोगो से धोखाधडी कर ठगी हुई रकम ऑनलाईन ट्रांसफर होती है, इसके बदले वीरेन्द्र हमको उस खाते में हुए लेन देन का 10 प्रतिशत देता है। इस तरह हम लोग वीरेन्द्र को कई बार कई बैंक खाते उपलब्ध करा चुके हैं। हमारे पास मौजूद पर्ची में लिखे खातों में अच्छा खासा रुपया आया है जिसका हिस्सा वीरेन्द्र से लेने के लिए आज हम सब लोग यहां इकट्ठा हुए थे। इसके बाद हम लोग किसी होटल में जाकर कमरे बुक करते जहां पर हम होटल बुंकिग के लिए हमारे पास मौजूद फर्जी आधार कार्डों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कि हम पकडे ना जा सके। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से साइबर फ्रॉड जैसे अपराधो पर अंकुश लगेगा ।

गिरफ्तार अभियुक्त नाम/पता-

1. वीरेन्द्र कुमार गंगवार पुत्र हरीश कुमार गंगवार हाल निवासी 624F/51 कोतवाली रोड चिनहट बुद्धविहार कालोनी लखनऊ मूल पता ग्राम परेवा थाना हाफिजगंज जनपद बरेली उम्र करीब 40 वर्ष।
2. दीपक कुमार पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा निवासी भट्टा मोहल्ला, आदर्श नगर कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद बरेली ।
3. अनुज कुमार पुत्र भगवत स्वरूप निवासी ग्राम धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
4. मोहम्मद रिजवान पुत्र बल्लाम खां निवासी ग्राम मुल्लापुर पोस्ट रिठौरा थाना नवाबगंज जनपद बरेली
5. विजयपाल पुत्र फारम सिंह निवासी ग्राम ललौरी खेडा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत।
6. रोहित कुमार पुत्र भोलेनाथ निवासी भट्टा मोहल्ला कस्बा व थाना नवाबगंज जिला बरेली ।
7. मोहम्मद जीशान पुत्र मेहंदी खान निवासी ग्राम बसंतपुर थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत ।

बरामदगी

1. 9 मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड,
2. 7 एटीएम कार्ड, 7 आधार कार्ड,
3. 7 कूटरचित आधार कार्ड की छाया प्रतियां
4. एक चैकबुक व 7 पर्चियां

पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर बरेली ।
निरीक्षक श्री नीरज कुमार (प्रभारी साइवर सेल बरेली)
उ0नि0 रोहित कुमार
हे0कां0 736 चन्द्रहास सिंह
हे0कां0 890 प्रमोद कुमार
कां0 2866 मनीष मलिक
हे0कां0 266 विपुल कुमार
हे0कां0 1102 धीरज कुमार
हे0कां0 941 विलिश कुमार
कां0 2923 सिद्धार्थ सिंह
कां0 2895 दीपक कुमार